भ्रमण आख्या

अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन महोदय के निर्देशानुसार दिनांक 5–6 अगस्त, 2016 को जनपद कानपुर देहात का भ्रमण किया गया। टीम के सदस्यों का विवरण निम्नवत् है –

1. डा0 राजेश झा, महाप्रबंधक, कम्युनिटी प्रोसेस।
2. श्री बलराम तिवारी, रीजनल कोऑर्डिनेटर (स्टेट), ए0आर0सी0, एस.पी.एम.यू.।

टीम द्वारा जनपद कानपुर देहात में आँगनवाड़ी केन्द्र, छतैनी, हासेमऊ ब्लॉक–महलासा एवं अहरौली शेख, ब्लॉक– अमरोधा, सामु0स्वा0के0, देवीपुर, प्रा0स्वा0के0, श्रवनखेड़ा, जिला महिला चिकित्सालय एवं ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस, ररूवा, ब्लॉक– श्रवनखेड़ा का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त हौसला पोषण योजना के सम्बन्ध में जनपद स्तरीय बैठक एवं समस्त स्वास्थ्य इकाईयों के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में प्रतिभाग किया गया।

1. **<u>आँगनवाड़ी केन्द्र, छतैनी, हासेमऊ ब्लॉक–महलासा एवं अहरौली शेख, ब्लॉक– अमरोधा</u>**

दिनांक 5.08.2016 हौसला पोषण योजना के अंतर्गत आँगनवाड़ी केन्द्र, छतैनी, हासेमऊ ब्लॉक–महलासा एवं अहरौली शेख, ब्लॉक– अमरोधा का पर्यवेक्षण किया गया। पर्यवेक्षण के मुख्य बिन्दु निम्नवत हैं–

- तीनों आँगनवाड़ी केन्द्रों में योजना का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा था।
- आँगनवाड़ी केन्द्रों में निर्धारित मीनू के अनुसार गर्भवती महिलाओं के लिए तहरी एवं 7 माह से 3 वर्ष तक के अतिकुपोषित बच्चों के लिए दलिया का वितरण किया जा रहा था।
- गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए फल वितरित किये जा रहे थे, परन्तु छतैनी एवं हासेमऊ में गर्भवती महिलाओं को दही नहीं उपलब्ध कराया गया था।
- आँगनवाड़ी केन्द्रों के खाते खोले जा चुके हैं एवं उसमें धनराशि हस्तांतरित किये जा चुके हैं।
- आँगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बताया गया कि गर्भवती महिलाओं की संख्या अनुमोदित बजट में दी गई संख्या से अधिक है जिससे खाद्य सामग्री वितरित करने में कठिनाई हो रही है।
- बर्तन एवं दीवाल लेखन हेतु आवश्यक फण्ड हस्तांतरण नहीं किया जा पा रहा है।

2. **<u>हौसला पोषण योजना के सम्बन्ध में जनपद स्तरीय बैठक</u>**

दिनांक 5.08.2016 को मुख्य विकास अधिकारी, कानपुर देहात की अध्यक्षता में हौसला पोषण योजना एवं पोषण सम्बन्धी अन्य कार्यक्रमों के सम्बन्ध में एक बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में जिला विकास अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सी0डी0पी0ओ0, ए0बी0एस0ए0, डिप्टी सी0एम0ओ0 द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में सभी उपस्थित अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान हौसला पोषण योजना से सम्बन्धी उपरोक्त ऑब्जेवेशन पर चर्चा की गई। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के सफल आयोजन तथा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं

पोषण समिति के अन्टाइड फण्ड के उपयोग के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई एवं उनके द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिये गये।

3. **सामु0स्वा0के0, देवीपुर,** दिनांक 5.08.2016 को सामु0स्वा0के0, देवीपुर का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। (चेकलिस्ट संलग्न)

    - चिकित्सालय में ओ0आर0टी0 सेन्टर की स्थापना की गई थी एवं ओ0आर0एस0 एवं जिंक टैबलेट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध थी।
    - प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि अप्रैल, 2016 से चिकित्सालय में प्रसव कार्य कराया जा रहा है एवं अब तक कुल 51 प्रसव कराये जा चुके हैं। दिनांक 5.8.2016 को दो बच्चे प्रातः 3:45 एवं 4:30 बजे रजिस्टर में अंकित थे, परन्तु वार्ड में नहीं थे। बताया गया कि प्रसव कराया गया था, परन्तु लाभार्थी जा चुकी थी। लाभार्थी एवं आशा का मोबाइल नं0 अंकित न होने के कारण इसका सत्यापन नहीं किया जा सका।
    - जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को भोजन वितरित नहीं किया जा रहा था।
    - रोगी कल्याण समिति का कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं था।
    - अस्पताल में सफाई व्यवस्था संतोषजनक थी, परन्तु प्रोटोकाल पोस्टर व दीवाल लेखन नहीं कराया गया था।
    - आशा क्लस्टर बैठक नियमित रूप से नहीं हो रही है व इसके अभिलेख संतोषजनक नहीं पाया गया।
    - जून माह में अप्रैल, मई, जून आशाओं का भुगतान किया गया है, जिसके अनुसार रू0 890 प्रति आशा प्रतिमाह का औसत भुगतान है। आशा वाउचर अपूर्ण व असत्यापित मिले तथा ब्लॉक मास्टर पेमेंट रजिस्टर नहीं बनाया गया है। वर्तमान में कोई बी0सी0पी0एम0/एच0ई0ओ0 कार्यरत नहीं हैं।
    - जुलाई माह के मात्र 82 वाउचर उपलब्ध हैं।

4. **ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, ररूवा, ब्लॉक– सरवनखेड़ा,** दिनांक 6.08.2016 को ग्राम ररूवा में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन किया गया था। प्राथमिक विद्यालय गाँव से दूर होने के कारण आयोजन आशा के घर पर किया गया था।

    - ए0एन0एम0, आशा एवं आँगनवाड़ी उपस्थित थी। ए0एन0एम0 द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच (बी0पी0, हीमोग्लोबिन, पेट की जाँच आदि की जाँच की जा रही थी) एवं सम्बन्धित उपकरण ठीक थे।
    - ओ0आर0एस0 एवं जिंक टैबलेट उपलब्ध थे एवं ए0एन0एम0 द्वारा डायरिया के मरीजों को ओ0आर0एस0 एवं जिंक टैबलेट का वितरण किया जा रहा था।

- आशा द्वारा ग्राम स्वास्थ्य सूचकांक पंजिका दिखाया जा रहा था। ड्यू लिस्ट डब्लू0एच0ओ0 द्वारा निर्धारित शीट पर बनाया जा रहा था लेकिन ग्राम स्वास्थ्य सूचकांक पंजिका में नहीं अंकित की जा रही थी। पंजिका अपूर्ण थी इस सम्बन्ध में आशा एवं सम्बन्धित अधिकारियों को जानकारी दी गई।

5. **प्रा0स्वा0के0, सरवनखेड़ा** का दिनांक 6.08.2016 को भ्रमण किया गया।
    - वहां पर साफ–सफाई, आई0ई0सी0 एवं दीवाल लेखन का कार्य अच्छा है।
    - 59 बच्चों का टीकाकरण किया गया। वैक्सीन रजिस्टर पूर्ण पाया गया।